# प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा 'भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ' की संरचना की गयी है।

शासन द्वारा समिति हेतु निर्धारित विषयः–

1. क्षेत्रीय संस्कृति एवं कला की पहचान कर उन पर कार्यक्रम आयोजित करना।
2. क्षेत्रीय संस्कृति एवं कला को पाठ्यक्रम से जोड़ना।
3. क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय संस्कृति एवं कला महोत्सवों में छात्रों को प्रतिभाग कराना।
4. क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय संस्कृति एवं कला महोत्सव आयोजित कराना।
5. भारतीय भाषा विकास क्लब की स्थापना करना तथा इसमे विभिन्न भारतीय भाषा जानने वाले शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जोड़ना।
6. छात्रों को विभिन्न भारतीय भाषाओं को ऑनलाईन/ऑफलाईन माध्यम से सीखने में मदद करना।

उक्त प्रकोष्ठ के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु एक बैठक आज दिनांक 06.10.2021 को दोपहर 12:00 बजे हिंदी विभाग में संपन्न हुई। बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे–प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी, (समन्वयक), प्रो० असलम जमशेदपुरी, प्रो० रूप नारायण, एवं डॉ० राजेन्द्र पाण्डेय। प्रकोष्ठ द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों पर विचार किया गया।

1. बिंदु 1,3 व 4 के अनुसार समय–2 पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन समिति के द्वारा विश्वविद्यालय की साहित्यिक, सांस्कृतिक परिषद को सहयोग कर आयोजित कराए जाएंगे एवं छात्र–छात्राओं को कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
2. बिंदु 2 के क्रम में विश्वविद्यालय की पाठ्यक्रम समितियों से क्षेत्रीय संस्कृति एवं कला को पाठ्यक्रमों में जोड़ने हेतु अनुरोध किया जाएगा।
3. बिंदु 5 में भाषा विकास क्लब की स्थापना कराई जाएगी। जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जोड़कर भाषा क्लब बनाए जाएंगे।
4. बिंदु 6 के क्रम में छात्रों को विभिन्न भारतीय भाषाओं को सीखने हेतु भाषा विभाग सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को जोड़कर भाषा शिक्षण की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी।
5. प्रकोष्ठ की आगामी बैठक दिनांक 13.10.2021 को 02:30 बजे हिंदी विभाग मे सम्पन्न होगी।

7/10/2021

प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी
समन्वयक प्रकोष्ठ

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. सचिव प्रतिकुलपति को मा० प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
3. कुलसचिव, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
4. समन्वयक आई०क्यू०ए०सी० चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
5. समस्त सदस्य, ('भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ') चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
6. प्रभारी बेवसाईट, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
7. प्रेस प्रवक्ता, चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ समस्त समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ।

7/10/2021

प्रो० नवीन चन्द्र लोहनी
समन्वयक प्रकोष्ठ